प्रादेशिक समाचार
17.02.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. केन्द्रीय वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन राज्यमंत्री झारखंड के दौरे पर, बोकारो में आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत की समीक्षा बैठक, अधिकारियों को दिये निर्देश।

2. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कल जेएसएससी से चयनित दो सौ नवासी युवाओं को रांची में एक समारोह के दौरान सौंपेंगे नियुक्ति पत्र, रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया तेज।

3. मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने की झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की 33वीं बैठक, आजीवन सजा काट रहे 37 कैदियों को रिहा किए जाने पर बनी सहमति।

4. झारखंड के गुमनाम स्वतंत्रता सेनानियों को विशेष पहचान दिलायेगी राज्य सरकार, ग्रामीण विकास मत्री ने कहा– सिलेबस में शामिल की जायेगी उनकी जीवनी।

5. रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने जम्मू में शहीद हुए कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी के परिजनों से हजारीबाग में की मुलाकात, कहा– बेकार नहीं जायेगा बलिदान।

********************

केन्द्रीय वन पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन एवं विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह झारखंड के दौरे पर हैं। उन्होंने आज बोकारो परिसदन में आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। बाद में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर दिशा–निर्देश दिये गये हैं।

********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को कल नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। कार्यक्रम प्रोजेक्ट भवन में होगा। नगर सेवा संवर्ग संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के तहत गार्डेन अधीक्षक, वेटनरी ऑफिसर, सेनेटरी एंड फूड इंस्पेक्टर, सेनेटरी सुपरवाइजर, राजस्व निरीक्षक और विधि सहायक पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिये जायेंगे।

********************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में आज रांची में झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में राज्य के विभिन्न कारागारों में आजीवन सजा काट रहे 37 कैदियों को रिहा किए जाने पर सहमति बनी।

********************

राज्य की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिक पांडेय सिंह ने कहा है कि झारखंड के स्वतंत्रता सेनानियों को विशेष पहचान दिलायेगी। लोहरदगा में आज वीर बुधू भगत के जयंती समारोह में शामिल होने के बाद उन्होंन पत्रकारों से बातचीत में कहा कि इन स्वतंत्रता सेनानियों की शहादत स्थली को पर्यटन स्थल के रुप में विकसित किया जायेगा। उन्होंने उनकी जीवनी को विद्यार्थियों के सिलेबस में भी शामिल करने की बात कही।

********************

पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा है कि केंद्रीय बजट 2025 –26 संकल्प से समृद्धि तक ले जाने वाला बजट है। यह बजट ज्ञान पर केंद्रित है। मेदिनीनगर में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि यह बजट प्रधानमंत्री के समावेशी विकास के साथ सबका साथ सबका विकास को प्रदर्शित करने वाला है ।

********************

गोड्डा सांसद निशिकांत दूबे ने फिर एक बार राज्य सरकार को निशाने पर लिया है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि झारखंड में कानून व्यवस्था पूरी तरह तबाह हो चुकी है। सरकार की नाक के नीचे आतंकवादी ट्रेनिंग ले रहे हैं। गोड्डा सांसद ने शिव बरात को लेकर प्रशासन को भी निशाने पर लिया है। उन्होंने कहा कि शिव बारात में भी प्रशासन पैसा कमाने का मौका खोज रहा है।

********************

भाजपा विधायक डॉ. शशिभूषण मेहता ने आरोप लगाया है कि पलामू जिले के पांकी और मनातू के सुदूरवर्ती इलाकों में कुछ वनकर्मियों, पुलिसकर्मियों और जनप्रतिनिधियों के संरक्षण में अफीम की खेती की जा रही है। विधायक ने ऐसे लोगों को चिन्हित कर कार्रवाई की बात कही। डा. मेहता ने कहा कि पुलिस कार्रवाई के नाम पर बेगुनाहों को फंसा रही है।

********************

जम्मू में आईईडी विस्फोट में शहीद हुए हजारीबाग के कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी के अंतिम अरदास में आज रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ शामिल हुए। इस दौरान श्री सेठ ने शहीद के परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि पूरा देश शहीद परिवार के साथ खड़ा है। रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि कैप्टन की शहादत बेकार नहीं जायेगी।

********************

हजारीबाग जिले में आज समाज कल्याण विभाग की ओर से बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत सैनिटरी नैपकिन वेंडिग मशीन वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की बालिकाओं के बीच सैनिटरी नैपकिन वेंडिग मशीन का वितरण उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद ने किया। इस मौके पर जिले के कई अधिकारी मौजूद थे।

********************

खूंटी जिले के सीएम उत्कृष्ट विद्यालय सभागार में शिक्षा को लेकर जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले लोधमा पंचायत की मुखिया मंजुला केरकेट्टा और डोड़मा पंचायत की मुखिया अगाथा भेंगरा को उपायुक्त ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। अन्य पंचायतों के मुखिया को जिला शिक्षा पदाधिकारी ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

********************

रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित 16वां इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर आज संपन्न हो गया। समापन समारोह में उपस्थित राज्यसभा सदस्य प्रदीप वर्मा ने मेले के सफल आयोजन के लिए फेडरेशन आफ झारखंड चौंबर आफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज को बधाई दी। उन्होंने कहा कि किसी भी राज्य के आर्थिक स्वास्थ्य का अंदाजा वहां होने वाली व्यावसायिक गतिविधियों से लगाया जा सकता है।